समयबद्ध / महत्वपूर्ण

# कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर।

पत्रांकः समग्र शिक्षा / गणतन्त्र दिवस / /2023–24 दिनांकः 28. जनवरी 2024

## कार्यालय आदेश

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी 2024) 2024 धूम–धाम से मनाया जायेगा। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर **प्रातः 08.30 बजे कार्यालय / बी0आर0सी0** पर ध्वजारोहण गुलाब की पंखुडियां बांधकर किया जायेगा तथा झण्डा अभिवादन के साथ ही राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा। इसी प्रकार **प्रातः 10.00 बजे समस्त विद्यालयों / शैक्षिक संस्थानों** में ध्वजारोहण किया जायेगा। तत्पश्चात शिक्षा निदेशक (बेसिक), माननीय शिक्षा मन्त्री (बेसिक) के सन्देश को पढ़ कर सुनाया जाए।

उक्त के अतिरिक्त नाटक, विचार गोष्ठ, वाद–विवाद प्रतियोगिता, प्रदर्शनी, निबन्ध लेखन, पौधरोपण आदि कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएं करायी जायेगीं।

(कल्पना देवी)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।

पृ0सं0:बे0शि0 / एस0एस0ए0 / ग0दि0 / 5772-79 /2023–24 दिनांकित।

**प्रतिलिपि–**

1. जिलाधिकारी, महोदय बलरामपुर को सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विकास अधिकारी, महोदय बलरामपुर को सादर सूचनार्थ।
3. अपर जिलाधिकारी, महोदय बलरामपुर को पत्र सं0: 247 दिनांकः 23 जनवरी 2023 के क्रम मेंसूचनार्थ।
4. **खण्ड शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर एवं नगर क्षेत्र बलरामपुर को इस निर्देश के साथ कि 26 जनवरी 2024 को रूट मार्च हेतु व्यवस्था सुनिश्चित करें।**
5. समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, बलरामपुर उक्त का अनुपालन सभी विद्यालयों में कराना सुनिश्चित करें।
6. समस्त वार्डेन कम शिक्षिका, क0गा0बा0वि0,जनपद–बलरामपुर।
6. समस्त प्रधानाध्यापक / इं0प्र0अ0– बेसिक शिक्षा परिषद, बलरामपुर।
7. समस्त कार्यालय कर्मचारी को अनुपालनार्थ।
8. कार्यालय प्रति।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,
बलरामपुर।

Scanned with OKEN Scanner

## दिनांक 18.01.2024 को 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस) 2024 से सम्बन्धित तैयारी बैठक की कार्यवृत्त।

दिनांकः 18.01.2024 को पूर्व निर्धारित तिथि एवं समय के अनुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गणतत्र दिवस की तैयारी से सम्बन्धित बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जनपद के अधिकारी/कर्मचारी/सामाजिक कार्यकर्ता/सांवाददाता उपस्थित आये। अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। सर्व प्रथम सभी उपस्थित अधिकारियों/ कर्मचारियों/समाजसेवी सगठनों एवं प्रत्रकार बन्धुओं को विगत वर्ष में कराये गये कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया। गणतंत्र दिवस 2024 को गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने के सम्बन्ध में सभी से अपने-अपने यथोचित सुझाव प्रस्तुत करने की अपेक्षा की गयी। प्राप्त सुझावों पर सम्यक विचारोपरान्त निम्नानुसार कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाने हेतु निर्णय लिया गयाः-

| क्र0 | समय | कार्यक्रम | कार्यक्रम का विवरण | आयोजक/कार्यवाही |
|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रातः 07:00 बजे | दैड़ प्रतियोगिता | स्पोर्ट स्टेडियम बलरामपुर में बालकों का दैड प्रतियोगिता आयोजित की जायेगी। गणतंत्र दिवस के पर्व पर स्टेडियम बलरामपुर-बहराइच मार्ग पर बालकों की दैड प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा, जिसके आयोजक जिला क्रीड़ाधिकारी बलरामपुर होंगे। उप जिला मजिस्ट्रेट बलरामपुर हरी झण्डी दिखाकर प्रतियोगिता का शुभारम्भ करेंगे। रोड की साफ-सफाई व चूना छिड़काव व स्टेडियम से पीपल चौराहा तक सडकों के मरम्मत की व्यवस्था नगर पालिका परिषद, बलरामपुर के अधिशासी अधिकारी करेंगे तथा मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर एम्बुलेंस में जीवनोपयोगी दवाओं के साथ आवश्यक उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। दौड़ प्रतियोगिता से पूर्व ए0आर0टी0ओ0, उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी भारी वाहन इस मुख्य मार्ग से नही चलेंगे। सुरक्षा के दृष्टिकोण से रूट डाइवर्जन की भी व्यवस्था आवश्यकतानुसार की जाये। | जिला क्रीड़ाधिकारी/मुख्य चिकित्साधिकारी/उप जिला मजिस्ट्रेट सदर/क्षेत्राधिकारी सदर/ए0आर0टी0ओ0, बलरामपुर/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, बलरामपुर। |
| 2 | प्रातः 08:30 बजे | ध्वजारोहण/सम्मान | जनपद के समस्त सरकारी भवनों पर झण्डा अभिवादन/ध्वजारोहण होगा। तत्पश्चात राष्ट्रगान का भावपूर्ण गायन किया जायेगा। संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जायेगा। कलेक्ट्रेट बलरामपुर में ध्वजारोहण जिलाधिकारी महोदय द्वारा किया जायेगा। ध्वज की सलामी कोषागार में तैनात आर्म्स गार्ड द्वारा दी जायेगी। जिसकी व्यवस्था वरिष्ठ कोषाधिकारी बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। तत्पश्चात सभागार में स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए सशस्त्र सैन्य बलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायेंगे। इस कार्यक्रम का आयोजन जनपद के सभी ग्राम पंचायतों में सम्बन्धित ग्राम प्रधान द्वारा किया जायेगा। जिसमें ग्रामसभा सदस्यों व ग्रामवासियों को भी आमंत्रित किया जायेगा। ग्राम पंचायतों में इस कार्य को सम्पन्न कराने का दायित्व जिला पंचायत राज अधिकारी बलरामपुर का होगा। कलेक्ट्रेट बलरामपुर में अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारी को जिलाधिकारी महोदय द्वारा सम्मानित किया जायेगा। | समस्त कार्यालयाध्यक्ष बलरामपुर/वरिष्ठ कोषाधिकारी बलरामपुर/डी0पी0आर0ओ0/ नाजिर सदर कलेक्ट्रेट बलरामपुर |
| 3 | प्रातः 09:30 बजे | पुलिस परेड | पुलिस लाइन बलरामपुर में पुलिस परेड का आयोजन पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। जिसमें परेड की सलामी वहां उपस्थित केन्द्रीय/प्रदेश सरकार के मा0 मंत्रीगण द्वारा ली जायेगी। यदि वे उपस्थित न हो तो परेड की सलामी जिलाधिकारी महोदय द्वारा ली जायेगी। परेड में जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों तथा सैन्य बल कर्मियों की विधवाओं/अभिभावकों को ससम्मान आमंत्रित किये जाने की व्यवस्था पुलिस अधीक बलरामपुर द्वारा की जायेगी। तत्पश्चात स्कूली बच्चों को एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया जायेगा। जिसकी व्यवस्था पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा की जायेगी। | पुलिस अधीक्षक बलरामपुर |
| 4 | प्रातः 10:00 बजे | शिक्षण संस्थाओं में ध्वजारोहण | समस्त शिक्षण संस्थाओं में राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान "जन-गण-मन" का भावपूर्ण सामूहिक गायन किया जायेगा। सभी शिक्षण संस्थाओं में सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा व्यवस्था की जायेगी। गणतंत्र दिवस 2023 के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय एकता, अखण्डता, धर्म-निरपेक्षता और साम्प्रदायिक सौहार्द की भावना को बलवती बनाने पर बल दिया जायेगा। विद्यार्थियों को संक्षेप में स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास बताया जाये और सशस्त्र सैन्यबलों के बलिदान को नमन करते हुए देशभक्तों के जीवन के प्रेरक-प्रसंग दोहराये जायेंगे, जिससे राष्ट्रीय चेतना विकसित हो। खेलकूद, नाटक, विचार-गोष्ठी तथा निबन्ध लेखन प्रतियोगिता भी यथासम्भव आयोजित किया जायेगी। जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर जनपद के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रधानाचार्य से समन्वय कर उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। | डी0आई0ओ0एस0/बी0एस0ए0/सम्बन्धित प्रधानाचार्य |



Scanned with OKEN Scanner

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 | प्रातः 11:00 बजे | चिकित्सालय में फल वितरण | श्री अजय कुमार मिश्रा, सचिव तराई इन्वायरमेन्ट अवेयरनेस बलरामपुर द्वारा जिला मेमोरियल अस्पताल बलरामपुर में जिलाधिकारी एवं मुख्य चिकित्साधिकारी के उपस्थिति में मरीजों को फल वितरण किया जायेगा। फल की व्यवस्था श्री अजय कुमार मिश्रा द्वारा किया जायेगा। | श्री अजय कुमार मिश्रा, सचिव तराई इन्वायरमेन्ट अवेयरनेस बलरामपुर |
| 6 | प्रातः 11:30 बजे | महिला चिकित्सालय में फल वितरण | समाज सेवी संस्थाओं के सहयोग से महिला चिकित्सालय में मरीजों (जच्चा–बच्चा) को फल का वितरण किया जायेगा। फल की व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बलरामपुर |
| 7 | प्रातः 11:30 बजे | मलिन बस्तियों की साफ सफाई | जनपद के सभी तहसीलों से सम्बन्धित नगर के मलिन बस्तियों में साफ–सफाई का कार्यक्रम सम्बन्धित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत द्वारा कराया जायेगा। जिसका निरीक्षण नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत के सम्बन्धित उप जिलाधिकारी द्वारा किया जायेगा। बलरामपुर में (नई बस्ती), उतरौला में वार्ड नं0–01 व 02 (गाँधी नगर व सुभाष नगर), तुलसीपुर में (पुरानी बाजार व बाल्मीकी बस्ती) तथा पचपेड़वा में (हरिजन बस्ती व बड़ा चौक) की साफ–सफाई का कार्य किया जायेगा। | समस्त अधिशासी अधिकारी न0पा0प0 / न0पं0 / समस्त उपजिलाधिकारी |
| 8 | मध्यान्ह 12:00 बजे | झांकी | शासन द्वारा कराये जा रहे कार्यों एवं विकास तथा जन कल्याणकारी योजनाओं / पर्यावरण संतुलन / गन्ना विकास / स्वास्थ्य शिक्षा आयुष्मान भारत / स्वच्छ भारत मिशन तथा देशभक्तों के जीवन के प्रेरक–प्रसंग से सम्बन्धित झांकियाँ विभिन्न विभागों यथा–मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा आयुष्मान भारत से सम्बन्धित / डी0पी0आर0ओ0 द्वारा स्वच्छ भारत मिशन / डी0डी0एग्रीकल्चर / हार्टीकल्चर / मतस्य विभाग द्वारा विकास से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बंध में / वन विभाग द्वारा पर्यावरण एवं वन्य जीव से सम्बन्धित / सर्व शिक्षा अभियान / जिला सैन्य कल्याण विभाग / जल निगम / आंगनबाड़ी / जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा विकास से सम्बन्धित योजनाओं के सम्बंध में / प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बाल विवाह रोकने से सम्बन्धित / भूमि संरक्षण / विकास विभाग / अल्प संख्यक विभाग / पिछड़ा वर्ग विभाग विकास योजनाओं से सम्बन्धित / जल निगम द्वारा स्वच्छ पेय जल से सम्बन्धित / जिला गन्नाधिकारी विभागीय योजनाओं से सम्बन्धित झांकियां निकाली जायेगी। झांकी का योजन मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर के संरक्षण में होगा। झांकियों के आयोजन की समस्त व्यवस्था पी0डी0, डी0आर0डी0ए0 सम्बन्धित विभागों की एक बैठक करके आवश्यक तैयारियाँ सुनिश्चित करायेंगे। झांकी मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय बलरामपुर से वीर विनय चौराहा होते हुए मेजर चौराहे से चौक बाजार होते हुए एम0पी0पी0 इण्टर कॉलेज में समाप्त होगी। रूट की साफ–सफाई एवं सड़को की मरम्मत अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था उप जिलाधिकारी बलरामपुर व क्षेत्राधिकारी पुलिस बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर आवश्यक चिकित्सक दल एवं दवाईयों की समुचित व्यवस्था रखेंगे। | मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर / पी0डी0 (डी0आर0डी0ए0) |
| 9 | अपरान्ह 01:00 बजे | कुष्ठ रोगियों को फल वितरण | मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर द्वारा कुष्ट रोगियों को फल वितरण किया जायेगा। | मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर |
| 10 | अपरान्ह 02:00 बजे | रूट मार्च | एम0पी0पी0 इण्टर कॉलेज में एन0सी0सी0 / स्काउट गाइड का रूट मार्च निकाला जायेगा। जिसमें सम्बन्धित स्कूलों के प्रधानाचार्य / बच्चे शामिल होंगे। रूट मार्च एम0पी0पी0 इण्टर कॉलेज बलरामपुर से मेजर चौराहा से चौक बाजार होते हुए वीर विनय चौराहे पर समाप्त होगा। इस कार्यक्रम के आयोजक डी0आई0ओ0एस0, बी0एस0ए0 व एम0पी0पी0 इण्टर कॉलेज के प्रधानाचार्य होंगे। मार्गों की साफ–सफाई एवं चूना छिड़काव की व्यवस्था अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। सुरक्षा व्यवस्था उप जिलाधिकारी बलरामपुर व क्षेत्राधिकारी पुलिस बलरामपुर द्वारा किया जायेगा। आवश्यक चिकित्सीय व्यवस्था मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर द्वारा की जायेगी। | जिला विद्यालय निरीक्षक बलरामपुर / जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बलरामपुर / प्रधानाचार्य एम0पी0पी0 इण्टर कालेज बलरामपुर / मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर / उपजिलाधिकारी बलरामपुर / क्षेत्राधिकारी बलरामपुर / अधिशासी अधिकारी न0पा0प0 |
| 11 | सायं 07:00 बजे | कवि सम्मेलन एवं मुशायरा | कवि सम्मेलन का आयोजन ए0आर0टी0ओ0 बलरामपुर द्वारा एम0एल0के0पी0जी0, कालेज बलरामपुर में किया जायेगा, जिसमें जिला कार्यक्रम अधिकारी बलरामपुर व आबकारी अधिकारी बलरामपुर आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे। डॉ0 प्रकाश चन्द्र गिरी एम0एल0के0पी0जी0, कालेज बलरामपुर उक्त आयोजन को क्वार्डिनेट करेंगे। | ए0आर0टी0ओ0 / जिला कार्यक्रम अधिकारी / जिला आबकारी अधिकारी / डा0 पी0सी0गिरी, एम0एल0के0पी0जी0, कालेज बलरामपुर |

Scanned with OKEN Scanner

| | | | |
|---|---|---|---|
| — | सामान्य | गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद / नगर पंचायत अपने– अपने नगर में विशेष रूपे से साफ–सफाई एवं चूना छिड़काव की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। ग्राम सभाओं में ग्राम प्रधान साफ–सफाई के उत्तरदायी होंगे। इस सम्बंध में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी / जिला पंचातय राज अधिकारी उपरोक्तानुसार सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। इसी प्रकार समस्त उप जिलाधिकारी अपनी–अपनी तहसीलों में गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम करायेंगे तथा ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में प्रत्येक सरकारी / गैर सरकारी विद्यालयों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाये तथा गणतंत्र दिवस को गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाये। साथ ही दिनांक:24.01.2024 को उ0प्र0 दिवस एवं 25.01.2024 को मतदाता दिवस होने के कारण झाकियों, प्रदर्शनी, कार्यक्रमों, वाद–विवाद एवं भाषण प्रतियोगिताओं आदि में इन आयोजनों से सम्बन्धित तथ्यों आदि को सम्मिलित किया जाये। | समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका / नगर पंचायत जनपद बलरामपुर / समस्त उपजिलाधिकारी जनपद बलरामपुर / डी0पी0आर0ओ0 बलरामपुर |

(प्रदीप कुमार)
अपर जिलाधिकारी(वि0 / रा0),
बलरामपुर।

**कार्यालय जिलाधिकारी, बलरामपुर।**

संख्याः 257 / ना0स0(गणतंत्र दिवस–24) / 2023–24, दिनांकः जनवरी 23 ,2024

**प्रतिलिपिः–**

1. जिलाधिकारी महोदय, को सादर अवलोकनार्थ।
2. पुलिस अधीक्षक, बलरामपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. मुख्य विकास अधिकारी बलरामपुर।
4. प्रभागीय वनाधिकारी बलरामपुर।
5. जनपद के समस्त विभागाध्यक्ष / कार्यालयाध्यक्ष को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. जिला सूचना अधिकारी, बलरामपुर को निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
7. समस्त उपस्थित समाज सेवी संगठनों / शिक्षण संस्थाओं के प्रतिनिधि।

23/1/24

अपर जिलाधिकारी(वि0 / रा0),
बलरामपुर।

Scanned with OKEN Scanner